# शिलान्यास

- प्रधानमंत्री ने देश के सबसे बड़े हवाई अड्डे की नींव रखी
- कहा, दिल्ली-एनसीआर को सबसे बड़ा लाभ
- संपर्क बेहतर होगा व हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा
- विपक्ष पर बरसे, बोले-वर्षों से इसे लटकाए रखा

# जेवर उत्तर भारत का कार्गो हब बनेगा

ग्रेटर नोएडा | विशेष संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को यूपी के जेवर में बनने जा रहे देश के सबसे बड़े हवाई अड्डे की आधारशिला रखी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यह एयरपोर्ट उत्तर भारत का 'लॉजिस्टिक गेटवे' (कार्गो हब) बनेगा और दिल्ली एवं पश्चिमी यूपी को इसका लाभ मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह हवाई अड्डा बेहतरीन मॉडल बनेगा। यहां आने जाने के लिए मेट्रो, सड़क, रेल सभी तरह की सुविधाएं होंगी। दिल्ली-हरियाणा कहीं भी जाना हो, यहां से देश के अनेक शहरों तक पहुंचना आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा, हवाई अड्डे में विमानों की मरम्मत और रखरखाव की सुविधा रहेगी। इसका फायदा ये होगा कि देश के हवाई जहाजों को इन सेवाओं के लिए विदेश नहीं जाना पड़ेगा। विदेश से विमान ऐसी सेवाओं के लिए भारत आएंगे तो हमारी आमदनी भी बढ़ेगी। साथ ही, इससे यहां हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के जरिए यहां की औद्योगिक इकाइयां दुनिया के बाजारों से जुड़ेंगी और उत्पादों का निर्यात कर सकेंगी। यहां के किसान खासतौर पर छोटे किसान फल-सब्जी जैसी चीजें निर्यात कर पाएंगे। मेरठ की स्पोर्ट्स इंडस्ट्री हो या सहारनपुर का फर्नीचर, मुरादाबाद का पीतल उद्योग, आगरा का फुटवेयर और पेठा को भी विदेशी बाजार तक पहुंचाना आसान होगा। उन्होंने कहा, हवाई अड्डा चलाने के लिए हजारों लोगों की जरूरत होती है, ऐसे में इनको रोजगार मिलेगा।

› उभरेगा जेवर पेज 17



**अवलोकन** | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का शिलान्यास करने से पहले अधिकारियों से परियोजना की जानकारी लेते हुए। इस मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी मौजूद रहे। • एएनआई

**30** मिनट के संबोधन में मोदी ने विकास की चर्चा की और विपक्ष को घेरा

**21** साल पहले देखा गया था नोएडा में एयरपोर्ट बनाने का सपना

## निशाना : पुरानी सरकारों ने सिर्फ झूठे सपने दिखाए

मोदी ने कहा, पूर्व की सरकारों ने जिस यूपी को हमेशा झूठे सपने दिखाए, वही यूपी आज अंतर्राष्ट्रीय छाप छोड़ रहा है। हमारी राष्ट्रभक्ति के आगे उन दलों की 'स्वार्थ नीति' कभी नहीं टिक सकती।

## सराहा: यूपी यानी 'उत्तम सुविधा-निरंतर निवेश'

मोदी ने कहा कि यूपी में अंतरराष्ट्रीय स्तर के शिक्षण संस्थान, रेलवे-हाईवे नेटवर्क बन रहे हैं। आज उत्तर प्रदेश, उत्तम सुविधा और निरंतर निवेश से जुड़ी पहचान बन चुका है।

"

पश्चिम उत्तर प्रदेश के विकास को नई ऊंचाई पर पहुंचाने के मकसद से यह हवाईअड्डा बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री का एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना साकार हो रहा है।

**-योगी आदित्यनाथ**, मुख्यमंत्री यूपी

आने वाले दिनों में जेवर एशिया का सबसे बड़ा हवाईअड्डा होगा। करीब 34 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।

**-ज्योतिरादित्य सिंधिया**, उड्डयन मंत्री

## ऐसे बनेगा हब

- देश का पहला ऐसा हवाईअड्डा होगा, जिसे मल्टी-मॉडल कार्गो हब की तरह बनाया गया है जहां से उत्पाद दुनिया भर में भेजे जा सकेंगे
- कार्गो टर्मिनल की क्षमता 20 लाख मीट्रिक टन होगी, जो 80 लाख मीट्रिक टन तक बढ़ सकेगी
- हवाईअड्डे पर कार्गो के लिए अलग से एक रनवे आरक्षित होगा
- उधर, यमुना प्राधिकरण द्वारा यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे टप्पल में लॉजिस्टिक हब बनाया जा रहा है।